Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open Kendriya Vidyalaya in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (**अमरेली**): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। आज पूरे देश में एक नई शिक्षा नीति प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में अमल में लाई जा रही है। मेरे क्षेत्र अमरेली, गुजरात की बात मैं जीरो ऑवर और नियम 377 के तहत उठा रहा हूं। मेरे क्षेत्र अमरेली में केंद्रीय विद्यालय का इश्यू है और प्रधान मंत्री जी के कार्यकाल में इसे मंजूरी मिल गई है, लेकिन काफी समय से यह इश्यू वैसा का वैसा ही है।

मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि जल्द से जल्द संबद्ध कमेटी का गठन किया जाए और मंत्रालय की तरफ से मेरे क्षेत्र के गरीब बच्चों को केंद्रीय विद्यालय का लाभ मिले। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि शिक्षा मंत्री जल्द से जल्द इस काम को करें।